# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 14.07.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- पोर्ट ब्लेयर के कार्वाइंस–कोव में कल से मानसून पर्यटन उत्सव का शुभारंभ हुआ।
- राजस्व विभाग की ओर से कल शोलबे ग्राम पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया।
- विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के सिलसिले में द्वीपों में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन की प्रक्रिया आरंभ हो गई है।

<><><><><><><>

कार्वाइन्स कोव के समुद्र तट पर कल दो दिवसीय मानसून पर्यटन उत्सव का शुभारंभ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। यहां पर्यटक मनोरंजन के बहुत सारे कार्यक्रमों का आनन्द लिया। पारम्परिक शिल्प और स्मृति चिन्हों को प्रदर्शित करने के लिए कई स्टाल लगाए गए। कार्यक्रम में चेन्नई के राग–पॉप–रॉक बैंड ने अपना लाइव प्रदर्शन दिया। समुद्र तट पर टग ऑफ वॉर तथा वॉलीबॉल का भी आयोजन किया गया। तरह–तरह के खाने के स्टॉल भी लगाए गए। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने भी अपना नृत्य कला का प्रदर्शन किया। मानसून पर्यटन उत्सव आज भी इसी स्थान पर जारी रहेगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम और समुद्र तट की गतिविधियां शामिल होंगी। आज जी बांग्ला सारेगामापा के विजेता पार्थो और यूटर्न बैंड अपने कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। पर्यटन विभाग द्वारा कला और संस्कृति विभाग, अन्य संबंधित विभागों और पर्यटन हितधारकों के सहयोग से इस मानसून पर्यटन उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

राजस्व विभाग की ओर से कल शोलबे ग्राम पंचायत में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान दक्षिण अण्डमान उपायुक्त व ग्रामीण विकास और पंचायती राज सचिव अर्जुन शर्मा ने शोलबे पंचायत का दौरा किया। शिविर में शोलबे पंचायत के उप विभाजन से जुड़े मामलों की सुनवाई की गई और मौके पर ही आदेश पारित किया गया। इस दौरान क्षेत्र के मछुवारों ने भी कुछ मुद्दे उठाए। पंचायती राज सचिव ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुददों को सुलझाने के लिए मत्स्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की जाएगी। शोलबे पंचायत प्रधान ने शोलबे उन्नीस के समुद्र तट के पास पार्किंग सुविधाओं की आवश्यकता, आंगनवाड़ी की समस्या, गैर कार्यात्मक सौर पैनल, स्वास्थ्य, बिजली, शिक्षा आदि से संबंधित मामलों से पंचायती राज सचिव को अवगत कराया तथा क्षेत्र की पर्यटन क्षमता का दोहन करने के तरीकों पर प्रधान, पंचायती राज संस्थानों के सदस्य और अन्य हितधारकों के साथ चर्चा की गई। इसके बाद उपायुक्त ने पंचायत भवन का दौरा कर ग्रामीणों से बातचीत की और आश्वासन दिया कि मुददों को जल्द ही शीघ्र निवारण के लिए संबंधित विभागों के साथ उचित मंच पर उठाया जाएगा।

<><><><><><><>

विश्व जनसंख्या दिवस मनाए जाने के सिलसिले में स्वास्थ्य विभाग और केन्द्रशासित स्वास्थ्य मिशन की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे द्वीपसमूह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ओग्राब्राज सामुदायिक हॉल में परिवार विकास मेले का आयोजन किया गया और इसमें पंचायत के सदस्यों के अलावा स्कूल विद्यार्थी, स्वयं सहायता समूह के सदस्य और आम जनता ने भाग लिया। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें मीठाखाड़ी को पहला, नमूनाघर को दूसरा और कोलिनपुर को तीसरा स्थान मिला। परिवार कल्याण के उप–निदेशक डॉ. अविजित रॉय ने द्वीपों में परिवार कल्याण सेवाओं के बारे में जानकारी दी। पंचायत प्रधान मोहम्मद शफीक के अलावा कई अन्य लोगों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

पद्म पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन नामांकन और अनुशंसा की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। नामांकन की अंतिम तिथि पन्द्रह सितंबर है। नामांकन और अनुशंसा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.padamaawards.gov.in पर की जा सकती है। पद्म पुरस्कारों के अंतर्गत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कार आते हैं। यह पुरस्कार कला, साहित्य तथा शिक्षा, खेल, चिकित्सा, सामाजिक कार्य, विज्ञान और इंजीनियरिंग, सार्वजनिक मामले, सिविल सेवा, व्यापार और उद्योग सहित विभिन्न विषयों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धियों के लिए दिये जाते है। इन पुरस्कारों से संबंधित नियम और कानून गृह मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

उद्योग विभाग आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत एक नई शुरू की गई केन्द्र प्रायोजित योजना सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के औपचारिकीकरण के लिए प्रधानमंत्री योजना–पीएम एफएमई को लागू कर रहा है। इसका उद्देश्य सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के उत्पादों के बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज, सामान्य बुनियादी ढांचे, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और विपणन को मजबूत करना है। इस योजना के तहत व्यक्तियों, स्वयं सहायता समूहों, सहकारी समितियों और किसान उत्पादक संगठनों को अनुदान और बीज पूंजी के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। योजना में एक ज़िला एक उत्पाद दृष्टिकोण अपनाया गया है। दक्षिण अंडमान ज़िले में समुद्री आधारित मछली उत्पाद और मध्योत्तर अंडमान तथा निकोबार ज़िले के लिए नारियल आधारित उत्पादों को शामिल किया गया है। योजना का लाभ उठाने तथा खाद्य प्रसंस्करण इकाई स्थापित करने के इच्छुक उद्यमियों से ऑनलाइन आवेदन करने को कहा गया है। और जानकारी के लिए उद्योग निदेशालय या उद्योग विभाग की शाखाओं से कार्य दिवसों में फोन पर भी संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

एंटी–नारकोटिक्स पुलिस स्टेशन की टीम ने छः सौ पचपन ग्राम गांजा के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। सूचना के आधार पर एस आई मोहम्मद राहिल इस्लाम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कोलकाता से एयर इंडिया फ्लाइट से पोर्ट ब्लेयर पहुंची हटबे नम्बर बाईस की भागवती मिस्त्री नामक एक महिला को रोककर जांच की और उसके पास से गांजा बरामद हुआ। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता दो हजार तेईस के तहत उसे गिरफ्तार किया गया और बाद में जमानत पर छोड़ दिया गया। इस मामले में थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई जारी है। अंडमान निकोबार पुलिस ने लोगों से अवैध गतिविधियों के बारे में जानकारी साझा करने का अनुरोध किया है।

<><><><><><><>

डिगलीपुर क्षेत्र में पिछले दिनों भारी वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए ज़िला प्रशासन की ओर से प्रभावितों को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया है। करीब तीन सौ पचासी लाभार्थियों में पन्द्रह लाख से अधिक की राशि प्रत्यक्ष लाभ स्थानांतरण के जरिए उनके खाते में डाला गया।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य विभाग में जनरल ड्यूटी ऑफिसर्स के पद के लिए अट्ठारह जुलाई को सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अनुबंध के आधार पर होने वाली नियुक्ति के लिए साक्षात्कार स्वास्थ्य सचिव के कक्ष में दिन में ग्यारह बजे आरंभ होगी। उम्मीदवारों को अपने मूल दस्तावेजों और इनकी प्रतिलिपि के साथ सुबह नौ बजे से प्रमाणपत्रों की जांच कराने के लिए उपस्थित रहने को कहा गया है।

<><><><><><><>

उत्तरी अंडमान की राधानगर खाड़ी में फंसे एक लकड़ी की नौका को पुलिस की ओर से सहायता पहुंचाई गई है। इंजन में खराबी आने के कारण नौका फंस गई थी। पुलिस ने जलयान मालिकों और संचालकों से अपने जलयानों की नियमित रखरखाव करने का अनुरोध किया है, ताकि इस तरह की घटना से बचा जा सके।

उधर, अंडमान निकोबार कमान ने पिछले दिनों इंडियन–एशियाई टग को सहायता पहुंचाई है। ये टग ईंधन लेकर इंडोनेशिया के सभांग बंदरगाह से तुतिकोरिन के लिए रवाना हुआ था लेकिन खराब मौसम और कम रफ्तार के कारण जलयान में ईंधन समाप्त हो जाने के कारण ये भारत की आर्थिक अनन्य क्षेत्र में बहने लगा। औपचारिकताओं और अनुमति के बाद जलयान को सहायता पहुंचाई गई, ताकि वह अपने देश वापस लौट सके।

<><><><><><><>